तापमान
अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 22.3 डिग्री

# हरिभूमि सोनीपत भूमि

रोहतक, सोमवार, सितंबर 22, 2025


11 मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम...



12 आज से शुरू होगी पीआर धान की सरकारी...




दीन दयाल जन आवास योजना

# DEEN DAYAL AWAS YOJNA

(Under Affordable Plotted Housing Policy 2016, Govt. of Haryana)

## 2/3 BHK LUXURY FLOORS

IN RERA APPROVED TOWNSHIP

GURGAON MOST PROMISING ADDRESS SECTOR-35, SOUTH OF GURUGRAM

33% RESERVED FOR WOMEN & GOVT. EMPLOYEES




## Pay ₹31,000 for Registration

Amount is Fully Refundable to unsuccessfull applicants

26th SEPTEMBER IS THE LAST DAY OF REGISTRATION

Unit Allocation Date
2nd October 2025 (Thursday)

### PAYMENT PLAN

| Type | Area in (Sq. Ft.) | Area in (Sq. mtr.) | Registration Amount | Payment Within 5 Days | Payment Within 15 Days | 10% Within 30 Days | 20% Within a Month | 60% On Possession | Total Basic Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3BHK+3T | 1503 | 139.63 | ₹ 31,000 | ₹ 5,00,000 | ₹ 12,69,000 | ₹ 18,00,000 | ₹ 36,00,000 | ₹ 1,08,00,000 | ₹ 1,80,00,000 |
| 3BHK+2T | 1215 | 112.87 | ₹ 31,000 | ₹ 5,00,000 | ₹ 9,19,000 | ₹ 14,50,000 | ₹ 29,00,000 | ₹ 87,00,000 | ₹ 1,45,00,000 |

Any other charges levied by the Govt. & GST as applicable*

ATS to be executed after completion of 30% of payment

Most Trusted | Quality Construction | Timely Possession | Excellent Customer Service | Great Partnerships | Reputed | Transparent

### ADVANTAGES

- Bang on Gurgaon - Sohna Expressway
- In Close Vicinity of 15000+ upcoming residential Units
- Close to Educational Hub and Schools like GD Goenka World School, K.R. Manglam, SCJ Academy etc.
- 30 Mins Drive from IGI Airport
- 20 Mins Drive from Cyber City
- 7 Mins Drive from Proposed Metro Rail Corridor
- 15 Mins Drive from Rajiv Chowk

### SPECIFICATIONS

- Modular Kitchen - Chimney - HOB
- 1 Room Fully Furnished for Kids - AC in All Rooms
- Geyser (All Washrooms & Kitchen)
- Wardrobes in All Rooms
- Wooden Flooring in Master Bedroom
- False Ceiling in All Rooms
- 1 Year Maintenance Included

### AMENITIES


Basketball Court


Yoga Lawn


kids Play Area


Badminton Court


Outdoor Gym


Club House

## For Online Registration

www.haryanadeendayalawasyojna.com

Call: +91-92112-82697

Scan QR Code with Google lens For Online Registration

## खबर संक्षेप



गोहाना। पुराने पौधों के ट्री गार्डों को व्यवस्थित करते हुए संगठन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### साप्ताहिक अभियान में संगठन ने रोपे 14 पौधे

**गोहाना।** समाज कल्याण संगठन ने रविवार को पापड़ी, अर्जुन, चक्रेसिया और आंवला के 14 पौधे रोपे। पौधारोपण संगठन के गोहाना को ग्रीन सिटी बनाने के साप्ताहिक अभियान के तहत किया गया। संगठन के सदस्यों ने नए पौधे रोपने के साथ पुराने पौधों की देखभाल भी की। पुराने पौधों में दीमकरोधी दवाई डाली और बढ़ी हुई टहनियों की कटाई-छंटाई की गई। संगठन द्वारा तहसील मार्ग के साथ फुटपाथ की खाली जगह में पौधारोपण किया गया। पौधों की पशुओं से सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए। संगठन के अध्यक्ष आनंद जांगड़ा ने जनसामान्य से अपील की कि पुराने पौधों की बढ़ी हुई टहनियों की स्वयं कटाई-छंटाई न करें। इससे पौधा खराब हो जाता है।

### कला उत्सव में प्रताप स्कूल ने किया शानदार प्रदर्शन

**खरखौदा।** जिला सोनीपत कला उत्सव प्रतियोगिता में प्रताप स्कूल खरखौदा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया। छात्रा स्नाहा व दिव्यांजलि ने विजुअल आर्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं तरूण कलहोत्रा ने म्यूजिक वर्ग में द्वितीय स्थान हासिल कर सभी को गौरवान्वित किया। प्रताप स्कूल पहुँचने पर विजयी विद्यार्थियों का स्वागत किया।

### पुलिस शिविर में मौके पर समस्याओं का समाधान

**गोहाना।** रविवार को सदर थाना गोहाना में समाधान शिविर लगाया गया। शिविर में अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान कर दिया गया। कुछ शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित तफतिशी अधिकारियों को निर्देश दिए गए। समाधान शिविर जिला पुलिस आयुक्त ममता सिंह के मार्गदर्शन और पुलिस उपायुक्त गोहाना भारती डबास के नेतृत्व में आयोजित हुआ। अध्यक्षता शिविर सहायक पुलिस आयुक्त मोहाना देवेंद्र सिंह ने की। शिविर में क्षेत्रवासियों द्वारा विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्रस्तुत की गईं।

### डीसीआरयूएसटी मुरथल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का कार्यक्रम आज

# उपायुक्त सारवान ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया

**डीसी ने अधिकारियों को दिए जरूरी दिशा-निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

प्रदेशभर में 02 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर दीन बंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी) मुरथल में 22 सितंबर को आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियों पूरी की गई हैं। तैयारियों को जायजा लेने के लिए उपायुक्त सुशील सारवान ने रविवार को सभी अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया।

इस दौरान उपायुक्त ने सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन, मंच व्यवस्था, लोगों के बैठने की सुविधा, पेयजल, शौचलाय, हैलीपेड के साथ-साथ सभी व्यवस्थाओं की बारिकी से जांच की और अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।


उन्होंने कहा कि सोमवार को मुख्यमंत्री दोपहर बाद 03 बजे डीसीआरयूएसटी के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विकास एवं पंचायत विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इनमें प्रदेशभर में महिला सांस्कृतिक केन्द्रों का उद्घाटन, इनडोर का उद्घाटन, योग एवं व्यायामशालाओं का उद्घाटन तथा 225 गांवों में फिरनी पर स्ट्रीट लाईटस का शुभारंभ शामिल है।



सोनीपत। निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारीगण।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन, डीसीपी प्रबीना पी, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, एसडीएम खरखौदा डॉ० निर्मल नागर, एसडीएम गन्नौर प्रवेश कादियान, सीटीएम डॉ. अनमोल, एसीपी ऋषिकांत सहित सभी अधिकारी मौजूद रहे।



सोनीपत। अस्पताल में पेड़ों की गई छटाई।

**पहले नागरिक अस्पताल में होना था कार्यक्रम**

**सोनीपत।** नागरिक अस्पताल में आयोजित होने वाला मुख्यमंत्री का कार्यक्रम अचानक रद्द कर दिया गया। प्रशासन ने यह कदम सुरक्षा कारणों को देखते हुए उठाया है। कार्यक्रम को लेकर अस्पताल परिसर में कई तरह की तैयारियां की गई थीं, जिनमें हरे-भरे व फलदार पेड़ों की छटाई और कुछ पेड़ों की कटाई तक कर दी गई थी। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम सोमवार को नागरिक अस्पताल में होना तय था। इसके लिए बीते कुछ दिनों से प्रशासन और अस्पताल प्रबंधन की टीम तैयारियों में जुटी हुई थी। अस्पताल परिसर को साफ-सुथरा करने के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए कई बदलाव किए गए। इस दौरान परिसर में लगे कई छायादार और फलदार पेड़ों की छटाई की गई, जबकि कुछ पेड़ों को पूरी तरह काट दिया गया। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियों द्वारा स्थिति का आकलन करने के बाद कार्यक्रम को रद करने का निर्णय लिया गया। अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल में मरीजों की भीड़ और सुरक्षा से जुड़ी अन्य चुनौतियों को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। कार्यक्रम रद्द होने से जहां कुछ लोगों ने राहत की सांस ली, वहीं अस्पताल परिसर में किए गए बदलाव और पेड़ों की कटाई को लेकर पर्यावरण प्रेमियों ने नाराजगी जताई है।

### सेक्टर 14 में आर्य समाज का 39वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न

# वार्षिकोत्सव में आर्य समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान मौजूद आर्य वीर एवं प्रबुद्धजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आर्य समाज सेक्टर 14 सोनीपत में चल रहे 39वें वार्षिकोत्सव का सातवां दिवस पूर्णाहुति और समापन दिवस के रूप में मनाया गया। संस्था प्रधान रवीन्द्र आर्य की अध्यक्षता और आचार्य संदीप दर्शनाचार्य के ब्रह्मत्व में दयानन्द हाल में 31 यज्ञकुंडों पर यज्ञ की पूर्णाहुति हुई। आचार्य संदीप दर्शनाचार्य ने युवापीढ़ी के मार्गदर्शन में आर्य समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला। संस्था महासचिव रविन्द्र कुकरेजा ने मंच संचालन किया।

यज्ञ के उपरान्त संगीतरत्न रामनिवास और सहयोगियों ने भक्ति गीत प्रस्तुत किए। मुख्य वैदिक प्रवक्ता आचार्य वेदपाल आर्य ने वेदमंत्रों के माध्यम से महर्षि दयानन्द सरस्वती के उपकारों और परमेश्वर की उपासना की महत्ता पर विचार रखे। समारोह में आमंत्रित विद्वानों, मुख्य अतिथियों और यजमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

महात्मा वेदमुनि वानप्रस्थी ने आशीर्वाद प्रदान किया। समापन के बाद पौष्टिक ऋषि लंगर की व्यवस्था की गई।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में महात्मा वेदमुनि वानप्रस्थी, पूनम भूटानी, हरि चन्द स्नेही, ओम प्रकाश छाबड़ा, ओम प्रकाश झांब, कनिष्क आर्य, राजेश धवन, सुमन मलिक, ईश्वर दयाल शर्मा, सुखप्रिय शास्त्री, दीपक तलवार, संदीप श्रेयार्थी, रामगोपाल भूटानी, आशा अरोड़ा, शान्ति सोलंकी, आर्योदय गुरुकुल सेक्टर 14 व 15 के ब्रह्मचारी और विभिन्न विद्यालयों के बच्चों सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।

# मोबाइल फोन के गुलाम हुए युवा : साध्वी भद्रा

- ककरोई रोड स्थित श्रीदुर्गा माता मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत कथा में मां आदि शक्ति का वर्णन कर युवाओं में भरा देशभक्ति का जज्बा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ककरोई रोड स्थित श्रीदुर्गा माता मंदिर में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की ओर से चल रही चार दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत कथा का तीसरा दिन रहा। आशुतोष महाराज की शिष्या कथाव्यास साध्वी भद्रा भारती ने मां आदि शक्ति की महिमा का वर्णन करते हुए युवाओं में देशभक्ति का जज्बा भरा।

साध्वी भद्रा भारती ने कहा कि आज युवा को देश की रीढ़ की हड्डी बोला जाता है। ऐ युवा ही अपने जज्बे व उत्साह से राष्ट्र को नवीनी रूप दे सकता है। युवा पर ही परिवार, समाज, राष्ट्र की जिम्मेदारी होती है। इतिहास के झरोखे से देखें तो कितने ऐसे युवाओं ने अपनी जिम्मेवारियों का निर्वाह किया। जब देश ब्रिटिश सरकार के आधीन था, हम अंग्रेजों के गुलाम थे, उस समय भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल जैसे देशभक्तों ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराया था। इनसे जैसा सीखता है, वैसी प्रवृति को धारण करता है। ऐसे समय में पूर्ण सतगुरु ही ब्रह्मज्ञान से युवाओं की सोई हुई शक्ति को जागृत कर सकते हैं। कथा के बीच साध्वी जगदीशा भारती, सुखदीप भारती व तालिका भारती ने भजनों से माहौल को भक्तिमय बनाया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद श्रद्धालुगण। फोटो : हरिभूमि

**धर्म का प्रकाश फैलाया**

साध्वी भद्रा भारती ने कहा कि देश के युवा सन्यासी स्वामी विवेकानंद, रामतीर्थ जैसे युवाओं ने भी आध्यात्म के छत्र तले देशवासियों के हृदय में धर्म के बीज बोए। देश के कोने-कोने में धर्म का प्रकाश फैलाया। दुख की बात है कि आज का युवा अस्सी साल का बुजुर्ग है, वह अपने कर्तव्यों से ओझल होकर नशे का गुलाम होने लगा है। यह नशा केवल शराब ही नहीं, मोबाइल, इंटरनेट का भी गुलाम है।

**गोशालाओं को 21- 21 हजार की राशि दान**

# पितृपक्ष की अमावस्या पर कंवाली गांव में किया धार्मिक अनुष्ठान

- समाज को एकजुट रखने में ऐसे आयोजनों का बहुत महत्व : पवन
- लोगों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

पितृपक्ष की अमावस्या पर समाजसेवी संदीप पाराशर ने रविवार को गांव कंवाली में धार्मिक अनुष्ठान कराया। साथ ही भंडारे का आयोजन किया। उन्होंने चार गौशालाओं को 21- 21 हजार की राशि दान स्वरूप भेंट की।

दान राशि प्राप्त करने वाली गौशालाओं में सिद्ध गुरु गोरखनाथ उपचार केंद्र कुतुबगढ़, धर्मार्थ गौशाला सिसाना, भटगांव गौशाला व जीवन रक्षक गौ उपचार केंद्र रोहट के नाम शामिल हैं। उन्होंने गांव के मंदिर के लिए भी 5100 रुपए की राशि दान की। संदीप पाराशर ने बताया कि वह पिछले कई वर्षों से उक्त आयोजन करते आ रहे हैं और गौ सेवा के लिए दान करने की परंपरा को निभाते आ रहे हैं। कार्यक्रम में पहुंचे विधायक पवन खरखौदा ने कहा कि समाज को एकजुट रखने में ऐसे आयोजनों बहुत महत्व है। जिसमें समाज के विभिन्न वर्ग शामिल होकर अपनी एकजुटता का परिचय देते हैं और समाज में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। उन्होंने भंडारे में पहुंचे समर्थकों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों ने भी प्रसाद ग्रहण किया।



खरखौदा। गोशालाओं को धनराशि दान करते संदीप पाराशर

# स्वदेशी वस्तुएं खरीदें, देश को मजबूत बनाएं : डॉ. अरविंद

**गोहाना।** सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा अपनी पत्नी डॉ. रीटा शर्मा के साथ शहर के मुख्य बाजार स्थित सनातन धर्म मंदिर में आयोजित 74वें वार्षिक संत सम्मेलन में पहुंचे। यह सम्मेलन स्वामी गुरुचरण दास सनातन समिति द्वारा आयोजित किया गया। समारोह में मंत्री और उसकी पत्नी ने महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव महाराज व अन्य संत महात्माओं से आशीर्वाद लिया। संत सम्मेलन में मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना और संकल्प है कि हम बाजार में देश के अंदर बने हुए उत्पाद खरीदें। जब हम स्वदेशी वस्तुएं खरीदेंगे तभी हमारा देश मजबूत बनेगा। उन्होंने आह्वान किया कि इस दीपावली हम शॉपिंग में विदेशी लड़ियां नहीं बल्कि मिट्टी से बने स्वदेशी दीपक खरीदें।



### रक्तदान से सहयोग व सेवा भावना को मिलती है मजबूती : विधायक

**सोनीपत।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की ओर से रेलवे रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में सोनीपत, आसपास क्षेत्र की शाखाओं सहित राई, कुंडली, मुरथल, ककरोई, गोहाना, गांव फरमाणा, बरोटा, खुबड़ू, बरोदा, मोहाना, मुंडलाना, नाहरा, नाहरी की संगत से पहुंचकर रक्तदान किया।

मुख्य अतिथि के रूप में विधायक निखिल मदान ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित किया। विधायक ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह समाज में सहयोग व सेवा की भावना को मजबूत करता है। निखिल मदान ने बताया कि करीब 40 वर्ष से मैं और मेरा परिवार निरंकारी सत्संग सुनने के लिए आते हैं। शिविर में सोनीपत व दिल्ली से रेडक्रॉस के चिकित्सकों की टीम ने रक्त संकलन में सहयोग किया और 220 लोगों ने रक्तदान किया।

# मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन

- सेवा पखवाड़े में सिंचाई विश्राम गृह में लगाई प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-सोनीपत मार्ग स्थित सिंचाई विश्राम गृह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई है। यह प्रदर्शनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 17 सितम्बर से शुरू हुई थी जो 2 अक्तूबर तक चलेगी। संयोजक कुलदीप कौशिक द्वारा प्रदर्शनी में नरेन्द्र मोदी के जीवन से जुड़ी जानकारियां प्रदर्शित की गई हैं। रविवार को भाजपा नेता प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे। कुलदीप कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। प्रत्येक भारतीय, विशेषकर युवा पीढ़ी को नरेन्द्र मोदी के दिखाए मार्ग का अनुसरण करने की आवश्यकता है। उनके जीवन ने सीख लेने के लिए ही उक्त प्रदर्शनी लगाई गई है। रविवार को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य विकास दहिया, भाजपा जिला गोहाना के महामंत्री महेंद्र चिड़ाना और भाजपा गोहाना मंडल के अध्यक्ष भूपेंद्र मुद्गिल अपनी टीम के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे।

इस अवसर पर बिजेंद्र सैनी, डॉ. बिजेंद्र खींची, प्रवीण कपूर, मनोज कुमार, विजय निनाणिया, सतीश सैनी, नर सिंह, विपिन गोयल, सतबीर खन्दराई, पवन सहरावत, अनीता, सतबीर सैनी, मोनू बनवासा और तारा चंद मौजूद रहे।



गोहाना। प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुंचे नागरिकों को पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए।

### नवरात्र में साधकों के लिए आचार्य मनमोहन मिश्रा ने बताए उपाय

# राशि के अनुसार करें पूजा, मिलेगा मनवांछित फल

- मां दुर्गा की आराधना करने से विशेष फल की होती है प्राप्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नवरात्र में यदि साधक अपनी राशि के अनुसार मां दुर्गा की आराधना करें तो उन्हें विशेष फल की प्राप्ति होती है। प्रत्येक राशि के लिए माता की पूजा में अलग-अलग वस्तुओं का महत्व है। 12 राशियों के अनुसार चुनरी, पुष्प और प्रसाद अर्पित कर फल की प्राप्ति होगी। प्रतिपदा से नवमी तक हर दिन के लिए अलग-अलग रंग तय किया गया है।

आचार्य मनमोहन मिश्रा ने बताया कि मेष राशि के जातक लाल चुनरी व गुड़हल के पुष्प चढ़ाएं, वहीं वृष राशि वाले सफेद चुनरी और सफेद चंदन से पूजा करें। मिथुन राशि के लिए लाल चुनरी में दूर्वा बांधना श्रेष्ठ है। कर्क राशि के लोगों को सफेद चुनरी व चांदी का बेलपत्र या चंदन से ॐ लिखकर अर्पित करना चाहिए। सिंह राशि वालों को सिंदूर व नारंगी चुनरी चढ़ाने से लाभ होगा। कन्या राशि के जातक हरी चुनरी या लाल चुनरी में दूर्वा व जायफल बांधकर मां को अर्पित करें। इसी तरह तुला राशि के लोग सफेद पुष्प व सफेद वस्त्र में चंदन से ॐ लिखकर, वृश्चिक राशि वाले लाल गुड़हल या कमल के पुष्प से, धनु राशि वाले पीली चुनरी व पीले कनेर की माला से, मकर राशि वाले खीर व घेवर का प्रसाद चढ़ाकर, कुंभ राशि वाले नीले अपराजिता के पुष्प से और मीन राशि वाले पीली चुनरी में तीन हल्दी की गांठ व पीले गेंदे की माला से मां की आराधना करें।



**कामी रोड मैदान में रामलीला आज से**

शहर के कामी रोड स्थित रामलीला मैदान में सोमवार से भव्य रामलीला का शुभारंभ होगा। आयोजकों ने मंच सज्जा और प्रकाश व्यवस्था को आकर्षक रूप देकर तैयारियां पूरी कर ली हैं। रामायण के विभिन्न प्रसंगों की सुंदर प्रस्तुतियां दर्शकों को भावविभोर करेंगी। मथुरा-वृंद्धावन से कलाकार भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और रावण की भूमिकाएं निभाएंगे। श्रद्धालुओं और दर्शकों की सुविधा के लिए बैठने की व्यवस्था, पार्किंग और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। श्रीराम सेवा समिति सदस्यों ने बताया कि रामलीला प्रतिदिन रात आठ बजे से शुरू होगी। श्रद्धालु परिवार सहित आकर इस आयोजन का आनंद लें।

**राशि के अनुसार ऐसे करें पूजा**

- मेष राशि - लाल चुनरी व गुड़हल के पुष्प से।
- वृष राशि - सफेद चुनरी और सफेद चंदन से।
- मिथुन राशि - लाल चुनरी में दूर्वा बांधकर।
- कर्क राशि - सफेद चुनरी व चांदी का बेलपत्र या चंदन से ॐ लिखकर।
- सिंह राशि - सिंदूर और नारंगी चुनरी।
- कन्या राशि - हरी चुनरी या लाल चुनरी में दूर्वा व जायफल बांधकर।
- तुला राशि - सफेद पुष्प व सफेद वस्त्र में चंदन से ॐ लिखकर।
- वृश्चिक राशि - लाल गुड़हल या कमल के पुष्प से।
- धनु राशि - पीली चुनरी व पीले कनेर की माला से।
- मकर राशि - खीर व घेवर का प्रसाद चढ़ाकर।
- कुंभ राशि - नीले अपराजिता के पुष्प से।
- मीन राशि - पीली चुनरी में तीन हल्दी की गांठ व पीले गेंदे की माला से।

### दो महिलाओं ने खाया जहरीला पदार्थ, दोनों की हालत गंभीर

**सोनीपत।** शहर में जहरीला पदार्थ खाने की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आईं। दोनों मामलों में महिलाओं की हालत गंभीर हो गई, जिन्हें नागरिक अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज, खानपुर रेफर किया गया।

बत्रा कॉलोनी की शीला ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने तुरंत उसे नागरिक अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे खानपुर रेफर कर दिया, जहां उसका इलाज जारी है। वहीं दूसरी सुनीता (32) ने जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन उसे भी तुरंत नागरिक अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज, खानपुर रेफर कर दिया।

# पितृ अमावस्या पर किया श्रीसुन्दरकाण्ड का पाठ



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कबीरपुर गांव में रविवार को श्रीराम परिवार द्वारा पितृ अमावस्या के उपलक्ष्य में श्रीसुन्दरकांड पाठ, हरिनाम संकीर्तन और श्रीरामकथा का अनुष्ठान आयोजित किया गया। इस अवसर पर ओमप्रकाश अरोड़ा ने सुंदरकांड में हनुमान और सीता माता के संवाद का वर्णन किया, जिसमें हनुमान, सीता को श्रीराम का संदेश अंगूठी के रूप में दिखाते हैं। सीता माता प्रसन्न होकर हनुमान को अपना पुत्र मानकर गले लगाती हैं और श्रीराम के लिए चूड़ामणि अर्पित करती हैं।

इस अवसर पर पवन सहगल, श्याम रहेजा, सुरजकांत, ललित बत्रा, मेहरचन्द, कमल, महेश पांडे, दिनेश अरोड़ा व अन्य मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

### निलंबित सरपंच पर लगाया आक्षेप

**खरखौदा।** सोहटी निवासी जयपाल राणा ने आरोप लगाया है कि गांव की सरपंच रहते बबीता देवी ने गांव में जो सीसीटीवी कैमरे लगे थे, उनकी स्टोरेज क्षमता संदेह के घेरे में है। कहना न होगा कि हार्ड डिस्क का मामला चर्चा में है और इससे संबंधित वीडियो भी वायरल हो रही है। एसडीएम को मामले से अवगत कराते हुए शिकायतकर्ता ने कहा है कि महिला सरपंच निलंबित हो चुकी हैं। ऐसे में उन्हें गांव से संबंधित किसी विकास कार्य को कराने का अधिकार नहीं है। इसके बावजूद सीसीटीवी कैमरों को अपडेट करने की बात चर्चा में है। आशंका जताई जा रही है कि सीसीटीवी कैमरों की स्थापना में घपला किया गया है।

### बाढ़ प्रभावितों को उचित सहायता दे सरकार: माकपा

**सोनीपत।** माकपा ने बारिश व बाढ़ प्रभावितों को पर्याप्त सहायता न देने पर प्रदेश सरकार की आलोचना की है। जिला सचिव आनंद शर्मा ने कहा कि पूर्व चेतावनियों के बावजूद सरकार व प्रशासन ने नदी-नालों की सफाई और प्रबंधन नहीं किया, जिससे 27 लोगों की मौत, सैकड़ों घर तबाह और 5.03 लाख किसानों की 29.46 लाख एकड़ फसल खराब हुई। उन्होंने कहा कि सरकार की प्रति एकड़ सात हजार रुपये की क्षतिपूर्ति ऊंट के मुंह में जीरा समान है, जबकि पंजाब में 20 हजार रुपये दिए जा रहे हैं।

## रोहतक रोड आरओबी पर इकट्ठा हुए बाबा कॉलोनी के निवासी

# सीवर ओवरफ्लो से परेशान लोगों ने फ्लाइओवर पर लगाया जाम

अधिकारियों ने दिया आश्वासन, दस दिन का मांगा समय

*पहले से वन-वे घोषित मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे घंटों तक यातायात अव्यवस्थित रहा और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा*



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रोहतक रोड स्थित बाबा कालोनी में लंबे समय से चले आ रहे सीवर ओवरफ्लो की समस्या ने रविवार को लोगों का सब्र तोड़ दिया। नाराज कालोनीवासियों ने रोहतक रोड फ्लाइओवर के पास सड़क पर जाम लगाकर विरोध दर्ज कराया। पहले से वन-वे घोषित मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे घंटों तक यातायात अव्यवस्थित रहा और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलते ही नगर निगम अधिकारी और थाना शहर पुलिस मौके पर पहुंची। हालांकि कालोनीवासी उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। काफी देर की मशक्कत के बाद सीटीएम डा. अनमोल मौके पर पहुंचीं। उन्होंने दस दिन के भीतर समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया, जिसके बाद लोग शांत हुए और आवागमन बहाल हो पाया।



**सोनीपत।** जाम लगाए स्थानीय निवासी।

### रोजाना रहता है हादसों का खतरा

*पुराने औद्योगिक क्षेत्र की सीवर लाइन ब्लॉक होने के कारण फ्लाइओवर के नीचे पानी भर गया है। इस जमा पानी से सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन चुके हैं। आए दिन वाहन पलटने की घटनाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि नगर निगम के अधिकारी स्थिति का दौरा कर चुके हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।*

### पुलिस ने समझाने का किया प्रयास

जाम की सूचना पर थाना सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारी उच्च अधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद सीटीएम डॉ. अनमोल व नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे और कॉलोनीवासियों को आश्वासन दिया कि दस दिन के भीतर समस्या का समाधान किया जाएगा, अन्यथा जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सीटीएम के आश्वासन के बाद ही करीब दो घंटे बाद जाम खुल सका और यातायात सामान्य हो पाया। मौके पर मौजूद सीटीएम डा. अनमोल ने कहा कि नगर निगम अधिकारियों को दस दिन के भीतर समस्या का स्थायी समाधान करने के निर्देश दिए गए हैं। तय समय में काम न होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### बच्चों की पढ़ाई और रिश्तों पर भी असर

लोगों ने बताया कि हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि बच्चे स्कूल जाने से इंकार कर रहे हैं। वहीं रिश्तेदार और मेहमान कॉलोनी में आने से कतराने लगे हैं। कई बार शादी-ब्याह जैसे रिश्ते टूटने की नौबत आ चुकी है। समस्या ने उनके सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करना शुरू कर दिया है। जब विवाह या अन्य रिश्तों की बात आती है तो लोग पानी से भरी गलियां देखकर वापस लौट जाते हैं। लोगों का दर्द साफ झलक रहा था कि अब तो रिश्ते भी टूटने लगे हैं। लोगों का कहना है कि गंदगी और मच्छरों के कारण बुखार व अन्य बीमारियां तेजी से फैल रही हैं।

### कई बार लगा चुके गुहार ताला जड़ने की चेतावनी

लोगों का आरोप है कि कई बार विधायक निखिल मदान, मेयर राजीव जैन और नगर निगम आयुक्त से गुहार लगाई जा चुकी है, लेकिन ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई। कालोनीवासियों ने चेतावनी दी कि दस दिन के भीतर समाधान न होने पर वे दोबारा सड़क पर उतरेंगे और नगर निगम कार्यालय का घेराव कर ताला जड़ेंगे।

# बेसहारा गोवंश को पकड़ने का काम शुरू, मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

शहर की गलियों और सड़कों पर भटक रहे बेसहारा गोवंश से अब लोगों को राहत मिलनी शुरू हो गई है। नगरपालिका द्वारा निकाले गए टेंडर को अलाट कर दिया गया है और एजेंसी ने गोवंश को पकड़ने का काम शुरू कर दिया है। अब टेंडर एजेंसी अगले दो वर्षों तक गोवंश की देखरेख करेगी। नगरपालिका की ओर से प्रति गोवंश 1110 रुपये का भुगतान किया जाएगा। पकड़े गए गोवंश की टैगिंग करने के बाद उन्हें सोनीपत की नंदीशाला में भेजा जाएगा, जहां उन्हें सुरक्षित आश्रय मिलेगा। गन्नौर की गोशालाओं में पहले ही जगह पूरी तरह भर चुकी थी, जिस कारण बेसहारा गोवंश गलियों और सड़कों पर घूम रहे थे। यह न केवल यातायात में बाधा बन रहे थे, बल्कि लोगों की सुरक्षा और सफाई व्यवस्था पर भी असर डाल रहे थे।



प्रदीप खर्ब।

### दूसरी एजेंसी को मिला टेंडर

नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने बताया कि गोवंश पकड़ने के लिए चार एजेंसियों ने टेंडर भरे थे। पहले जिस एजेंसी को टेंडर दिया जाना था, उसके दस्तावेज में कमी थी, जिस वजह से उसे टेंडर नहीं मिल पाया। ऐसे में दूसरी एजेंसी को टेंडर अलाट कर दिया गया है। एजेंसी ने गोवंश पकड़ने का काम भी शुरू कर दिया है।

### अवैध हथियार तस्करी के मामलों में दो गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले की पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी की दो अलग-अलग घटनाओं में कार्रवाई करते हुए दो आरोपितो को गिरफ्तार किया। दोनों मामलों में आरोपितो को अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायालय के आदेशानुसार जमानत पर रिहा कर दिया गया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पहली घटना में क्राइम यूनिट वेस्ट (सीआईए-1) सोनीपत की पुलिस टीम ने अवैध हथियार सप्लाई करने वाले आरोपित को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपित की पहचान अभिषेक उर्फ बॉक्सर निवासी जिला किशनपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। गत 21 मई 2024 को क्राइम यूनिट वेस्ट टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि परमजीत उर्फ पम्मी अवैध हथियार लेकर गोपालपुर रोड पर मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर रेड की और परमजीत को काबू किया। दूसरी घटना में हथियार सप्लाई करने वाला आरोपित दबोचा क्राइम यूनिट सेक्टर 27 पुलिस टीम ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान प्रिंस निवासी जिला बागपत, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 31 मई 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि अरमान उर्फ मालहा, निवासी गांव सेरसा, सोनीपत-झज्जर सर्विस रोड पर द्वा हिल्स वाटर पार्क के सामने अवैध हथियार लेकर अपने साथी का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अरमान को काबू किया। तलाशी में उसकी पैंट से एक देसी पिस्तौल और मैगजीन से तीन जिंदा राउंड बरामद हुए।

# सरकार खरीदेगी किसानों की धान का एक-एक दाना

विधायक कादियान ने अनाज मंडी का दौरा कर दिए निर्देश

लोगों से बातचीत कर सुनीं समस्याएं



**गन्नौर।** विधायक देवेन्द्र कादियान अनाज मंडी में निरीक्षण करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

प्रदेश सरकार किसानों की मेहनत की पूरी कद्र करेगी और मंडियों में आने वाली उनकी फसल का एक-एक दाना खरीदेगी। यह बात रविवार को हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने गन्नौर की अनाज मंडी का निरीक्षण करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। विधायक कादियान ने कहा कि धान के सीजन में मंडियों में किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सरकार ने पुख्ता प्रबंध किए हैं।

### तौल कांटों की नियमित जांच करने के निर्देश

*उन्होंने मार्केट कमेटी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी में बिजली, पानी, साफ-सफाई और नापतोल व्यवस्था दुरुस्त रखी जाए। मंडी में इस समय धान की किस्म 1509 की आवक चल रही है। अब तक लगभग 50 हजार क्विंटल धान मंडी में पहुंच चुकी है। विधायक ने कहा कि तौल कांटों की नियमित जांच होती रहे ताकि किसानों को तौल में कोई शिकायत न हो। निरीक्षण के दौरान आढ़ती सुरेश बत्रा, सुरेंद्र कुमार, अनिल कौशिक, योगेश कौशिक सहित अन्य आढ़ती मौजूद रहे।*



**खरखौदा।** नारियल तोड़कर मार्ग का शुभारंभ करते विधायक पवन खरखौदा

### विधायक पवन ने सड़क मार्ग के नवीनीकरण का किया शुभारंभ

**खरखौदा।** विधायक पवन खरखौदा ने विधानसभा क्षेत्र के गांव हरसाना से लेकर रेलवे स्टेशन तक के मार्ग के नवीनीकरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हरसाना खुर्द से लेकर रेलवे स्टेशन तक का यह मार्ग करीब 2 किलोमीटर का मार्ग है। पिछले काफी समय से यह मार्ग खस्ता हाल हो चुका था। इसकी शिकायत लगातार उन्हें मिल रही थी। अब इस मार्ग को नए सिरे से बनाने के लिए कार्रवाई की जाएगी। जिसे बनाने में 52 लाख रुपए का टेंडर हुआ है। इसके अलावा नेशनल हाईवे और आसपास के बड़े मार्ग पर भी काम किया जा रहा है। पिपली मार्ग निर्माण के लिए भी 7 करोड़ रुपए का टेंडर हो गया है। अगले सप्ताह वहां भी कार्य शुरू हो जाएगा।

# सर्व जातीय सर्व खाप पंचायत महासम्मेलन गन्नौर में 28 को

सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर होगा मंथन

सम्मेलन में सभी खाप पंचायतें बुलाई गई



**गन्नौर।** प्रैसवार्ता के दौरान लववंशीय लौर खत्री खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र खत्री जानकारी देते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

सामाजिक समरसता और परंपरागत मूल्यों की रक्षा के उद्देश्य से सर्व जातीय सर्व खाप पंचायत महासम्मेलन 28 सितम्बर (रविवार) को रेलवे रोड स्थित चिराग गार्डन में होगा। आयोजित किया जाएगा। महासम्मेलन में क्षेत्र की सभी संस्थाएं, सरपंच एसोसिएशन, सामाजिक संगठन और सभी खाप पंचायतें बुलाई गई है। लववंशीय लौर खत्री खाप के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सम्मेलन के व्यवस्थापक सुरेन्द्र खत्री ने महासम्मेलन को लेकर प्रेसवार्ता की। खत्री ने कहा कि सामाजिक कुरीतियों पर गहन चर्चा कर उनके समाधान करना उद्देश्य है।

### गृह गांव में शादियां न करने पर देंगे जोर

*आयोजन समिति द्वारा लिव-इन रिलेशन जैसी कुरीतियों का विरोध, सगोत्र गांव और गृह गांव में शादियां न करने पर जोर दिया जाएगा। महासम्मेलन की मेजबानी सर्वजातीय सर्व खाप ओल्ड रोहतक और रणजोध प्रधान जटवाड़-360 सोनीपत करेंगे। आयोजन लववंशी लोर खत्री खाप एवं गांव पांची जाटान की तरफ से किया जाएगा। इस मौके पर भानेराम, सतीश जैन, पूर्व सरपंच धर्मसिंह, राजेश गर्ग, दिनेश अधलखा, श्रीपाल, रमेश मान, धीर सिंह, प्रमोद पांची आदि मौजूद थे।*



**गन्नौर।** रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते भाजपा नेता आजाद नेहरा।

### सेवा पखवाड़ा : शिविर में 42 ने किया रक्तदान

**गन्नौर।** भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष में मनाये जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत रविवार को गांव शहजादपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आजाद सिंह नेहरा ने मुख्य अतिथि शिरकत कि। नेहरा ने रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्रवण कौशिक ने की। मंडल महामंत्री दीपक नैन ने बताया कि 42 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं सीएम विंडो के एमिनेट सदस्य अमित सैनी, कार्यक्रम के जिला संयोजक एडवोकेट नकिन मेहरा आदि मौजूद रहे।

# ठेकेदार-कर्मचारियों में विवाद खत्म

**31 अगस्त तक काम करने वाले सफाई कर्मचारियों की नौकरी बहाल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नए ठेके के चलते काम से हटाए गए कर्मचारियों की नौकरी जाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों और ठेकेदार में मांगों को लेकर सहमति बन गई। जिन कर्मचारियों ने 31 अगस्त तक काम किया है। उनको काम पर वापस लिया जाएगा। जिसके बाद कर्मचारी काम पर लौटने को तैयार हो गए। हड़ताल खत्म होने पर कर्मचारियों ने एलान किया कि मुख्यमंत्री के आवागमन को लेकर शहर को साफ-सुथरा बनाया जाएगा।

### बैठक में मांगों पर जताई सहमति

*रविवार को ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग और बलि सेना यूनियन सोनीपत के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने बैठक की। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ठेका कर्मचारी एकता मंच के प्रधान मुकेश टांक ने बताया कि जिन मांगो को लेकर ठेका सफाई कर्मचारी हड़ताल पर थे। उनको ठेकेदार ने मान लिया है। ठेकेदार ने वो सभी मांगे मानकर अपने लैटर पैड पर लिख कर दी है। ठेकेदार ने कहा कि आपके जो भी कर्मचारी हैं जिन्होंने 31 अगस्त तक काम किया है उसको काम पर रख लिया जाएगा। उन कर्मचारियों को उस वक्त तय 15 हजार रुपये वेतन भी दिया जाएगा। मुकेश टांक ने सभी सफाई कर्मचारियों को सफाई के काम पर वापस लौट जाने के लिए कहा है। कर्मचारियों ने कहा कि वो मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के स्वागत में शहर को साफ-सुथरा बनाएंगे। इस मौके पर सावन कुमार, अनिल कुमार, अमित, विजय तोमर, रविंद्र, सुनील, राकेश, माया, ऊषा, आरती, अंजू, मंजू, सुनीता, अनीता, पिंकी, प्रमिला व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।*

# चोरी की बाइक रखने पर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

कुंडली थाना पुलिस को चोरी की मोटरसाइकिल रखने के मामले में बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने दो और आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितो की पहचान अनिल उर्फ बल्लो और सुरज निवासी गांव झुण्डपुर, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गत 28 जून को कुंडली थाना पुलिस में तैनात मुख्य सिपाही सज्जन और अन्य सदस्य शामिल थे, गश्त के दौरान प्याऊ मनियारी-नरेला रोड पर मौजूद थी।

### सूचना के आधार पर कार्रवाई

*टीम को सूचना मिली कि विक्रम निवासी झुण्डपुर, चोरी की बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर प्याऊ मनियारी से नरेला की ओर जाने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी की। कुछ देर बाद एक युवक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर आता दिखाई दिया। शक होने पर उसे रोका गया और पूछताछ की गई। युवक ने कागजात प्रस्तुत नहीं किए और पूछताछ में अपना नाम विक्रम बताया। जांच में पता चला कि यह मोटरसाइकिल नरेला, दिल्ली से चोरी की गई थी और इस संबंध में थाना अलीपुर, दिल्ली में मुकदमा दर्ज है। थाना कुण्डली पुलिस ने मामले को दर्ज कर विक्रम को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण के नेतृत्व में टीम ने अन्य संलिप्त आरोपितों की तलाश शुरू की और जांच के दौरान अनिल उर्फ बल्लो और सुरज को भी गिरफ्तार कर लिया।*

# फिलिस्तीन के समर्थन में एआईयूटीयूसी और सीआईटीयू ने निकाला जुलूस

- 'मानवता का हत्यारा नेतन्याहु मुर्दाबाद' जैसे नारे लगाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

विश्व फेडरेशन ऑफ ट्रेड यूनियन्स के आह्वान पर फिलिस्तीन के समर्थन में एआईयूटीयूसी व सीआईटीयू ने पंचायत भवन से ककरोई चौक तक जुलूस निकाला। प्रदर्शनकारियों ने 'युद्ध नहीं, शांति चाहिए', 'गाज़ा में नरसंहार बंद करो' और 'मानवता का हत्यारा नेतन्याहु मुर्दाबाद' जैसे नारे लगाए। राज्य सचिव कॉमरेड हरिप्रकाश ने कहा कि इजरायल लंबे समय से फिलिस्तीन पर बर्बर हमले कर रहा है, गाजा में 65 हजार से अधिक नागरिक मारे जा चुके हैं। अमेरिकी साम्राज्यवाद की शह पर जारी यह नरसंहार मानवता को शर्मसार करने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को इजरायल से हर तरह के संबंध तोड़ने चाहिए। सीआईटीयू के आनंद शर्मा और एआईयूटीयूसी राज्य कमेटी सदस्य वीरेंद्र सिंह दहिया ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में लगभग 20 महिलाओं सहित ईश्वर सिंह राठी, इंदर सिंह, प्रताप सिंह, बलबीर खटक, सेवाराम, रणधीर सिंह, देवेंद्र सिंह, श्रद्धानन्द सोलंकी, जयकरण, डॉ. सत्यपाल रांगी, सलीम खान, मुख्त्यार खान, राज सिंह, ईश्वर सिंह दहिया, राजेंद्र राठी, नफे सिंह मलिक, जयभगवान, नरेंद्र दहिया आदि शामिल हुए।




**सोनीपत।** विरोध प्रदर्शन करते हुए यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

**राहत** गांव प्रीतमपुरा में विधायक ने किया सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ

# प्रीतमपुरा से नाथुपुर तक 75 लाख रुपये की लागत से होगा सड़क का नवीनीकरण : गहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

राई विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों को निरंतर गति देते हुए विधायक कृष्णा गहलावत ने रविवार को गांव प्रीतमपुरा से नाथुपुर तक बनने वाली सड़क के नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का शुभारंभ किया। यह सड़क हरियाणा कृषि विपणन बोर्ड द्वारा 75 लाख रुपये की लागत से बनाई जाएगी। विधायक कृष्णा गहलावत ने नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया और कहा कि सड़कें किसी भी क्षेत्र के विकास की धुरी होती हैं। अच्छी सड़कों के अभाव में न केवल आमजन को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, बल्कि किसानों को अपनी उपज मंडियों तक पहुँचाने में भी भारी परेशानियों से गुजरना पड़ता है। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि सड़क के निर्माण से क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। गांवों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी और आसपास के क्षेत्रों में विकास की नई राह खुलेगी।



**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत प्रीतमपुरा से नाथुपुर सड़क के नवीनीकरण एवं मजबूतीकरण का शुभारम्भ करते हुए।

### ये रहे मौजूद

शिलान्यास कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन कुलदीप नागल, जाखौली मंडल अध्यक्ष शेखर आंतिल, अनिल आंतिल, भाजपा नेता मास्टर सत्यनारायण आंतिल, चेयरमैन शिमला देवी, प्रीतमपुरा के सरपंच हरीश, मंडल अध्यक्ष बेदपाल शास्त्री, मुरथल ब्लॉक समिति चेयरमैन संजय झुंडपुर, बाकीपुर के सरपंच जयराम शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र, राकेश बारोटा, जिला पार्षद नाथुपुर राकेश, बलबान, धर्मपाल, दीपक, राजेश, इंद्रजीत, वेदपाल खापरा, किरण मित्तल, भालू नाथपुर और सरपंच जितेंद्र सहित अनेक ग्रामीण शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### निशा हत्या के मामले में आरोपित पति गिरफ्तार

**गन्नौर।** गन्नौर पुलिस ने विवाहिता की हत्या मामले में पति को गिरफ्तार किया है। आरोपित बंटी गांव भाखरपुर सोनीपत का रहने वाला है। अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है। मृतका निशा के पिता रामपाल निवासी गांव छोटी कैरवाली करनाल ने थाना गन्नौर में शिकायत दी कि उसकी बेटी निशा की शादी बंटी निवासी गांव भाखरपुर के साथ हुई थी। शादी के बाद से लड़की को दहेज के लिए मारता पीटता था। जिसकी उन्होंने थाना मधुबन में शिकायत दी थी। 13 सितबंर 2025 को राजीनामा हो गया था। उसके बाद बंटी का जीजा सुनील व माता उषा और बंटी बेटी को साथ ले गए थे। 19 सितंबर की रात बंटी व परिवार ने मिलकर उसकी बेटी को फांसी देकर मार दिया। पुलिस ने बंटी, मां उषा व जीजा सुनील पर केस दर्ज किया।

### पत्नी को घायल किया इलाज के दौरान मौत

**खरखौदा।** क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने वाले युवक ने अपनी पत्नी को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसी भट्ठे पर मजदूरी का काम कर रहे युवक के ससुर मैगन मांझी ने बताया कि उसने अपनी बेटी शामो की शादी लगभग 10 वर्ष पहले सुजातपुर उत्तर प्रदेश निवासी नरेंद्र के साथ की थी। नरेंद्र भी इसी भट्ठे पर मजदूरी करता है। 19 सितंबर रात्रि के करीब 10 बजे उनके दामाद व बेटी का झगड़ा हो गया। झगड़े के दौरान नरेंद्र ने उसकी बेटी को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में वह अपनी बेटी को खरखौदा के सरकारी अस्पताल इलाज के लिए लाया। जहां उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी बेटी की मौत हो गई।

### गढ़ी हकीकत में दो पक्षों में झगड़ा, महिला गंभीर

**सोनीपत।** गढ़ी हकीकत गांव में किसी बात को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि हाथापाई के साथ लाठी-डंडे भी चल गए। इस झगड़े में बबली नाम की महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद परिजनों ने घायल महिला को तुरंत नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। वहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज, खानपुर रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया।

## मंडी में तैयारियां है पूरी, लेकिन सड़कों के हालात अभी तक ठीक नहीं

# आज से शुरू होगी पीआर धान की सरकारी खरीद, किसानों को राहत

### बाजरा उत्पादकों को अभी करना होगा इंतजार और 1509 की आवक मंडियों में हुई शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर आई है। लगातार मांग के बाद सोनीपत अनाज मंडी में सोमवार (22 सितंबर) से पीआर धान की सरकारी खरीद शुरू की जा रही है। सरकार की ओर से खरीद प्रक्रिया को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। हालांकि, बाजरा उत्पादक किसानों को अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा क्योंकि बाजरे की सरकारी खरीद 1 अक्टूबर से ही शुरू होगी। मंडी में तैयारियां भले ही पूरी हो गई है, लेकिन सड़कों पर अवैध रूप से पार्किंग में ट्रक खड़े है। वहीं सड़कों की हालत भी ठीक नहीं है।

**मंडियों में सफाई का कार्य जोरों पर किया जा रहा**

### किसानों की मांग पर पहले शुरू की खरीद

बता दें कि धान की किस्म 1509 की आवक मंडियों में पहले ही शुरू हो चुकी है। वहीं पीआर धान की सरकारी खरीद 1 अक्टूबर से होती है, लेकिन इस बार धान की कटाई समय से पहले शुरू होने के कारण किसानों ने सरकार से जल्द खरीद प्रक्रिया शुरू करने की मांग की थी। प्रदेश सरकार ने इस पर केंद्र सरकार से चर्चा की और अब 22 सितंबर से ही खरीद प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया गया। फिलहाल सोनीपत अनाज मंडी को ही केंद्र बनाया गया है, जहां पीआर धान के साथ बाजरे की भी सरकारी खरीद होगी।



**सोनीपत।** मंडी में बनी शैड के नीचे धान की फसल व बोरियां। *फोटो: हरिभूमि*



### सभी तैयारियां पूरी कर ली गई

अनाज मंडी में पीआर धान और बाजरा खरीद के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार से पीआर धान की सरकारी खरीद शुरू हो जाएगी। किसानों की जरूरत के हिसाब से कमेटी की तरफ से समय-समय पर जरूरी कदम उठाने का काम किया जा रहा है।
*ज्योति मोर, सचिव, मार्केट कमेटी।*

### पिछले साल महज 1253 क्विंटल की हुई थी खरीद

*सोनीपत जिले में पीआर धान उगाने वाले किसानों की संख्या कम है। पिछले खरीफ सीजन के दौरान मंडी में केवल 1253 क्विंटल पीआर धान ही खरीदा गया था। वहीं बाजरा की सरकारी खरीद सिर्फ 45 क्विंटल तक ही सीमित रही। हालांकि इस बार पीआर धान के भाव पिछले साल की तुलना में बढ़े हैं। ऐसे में उम्मीद है कि किसान ज्यादा मात्रा में पीआर धान मंडी में लेकर आएंगे। वहीं सरकार की ओर से चार मंडियों व तीन खरीद केंद्रों में पीआर धान की खरीद करने के आदेश जारी हुए हैं लेकिन कथूरा व जाखौली खरीद केंद्र में किसी भी आढ़ती ने खरीद शुरू कराने के लिए संपर्क नहीं किया है। जिले की अनाज मंडियों में धान की किस्म 1509 की आवक भी गति पकड़ रही है। सोमवार से पीआर धान की सरकारी खरीद शुरू होने के साथ आवक बढ़नी शुरू हो जाएगी। हैफेड के पास बारदाने की 900 गांठ और हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन के पास 800 गांठ उपलब्ध है। अधिकारियों का दावा है कि मंडियों में फसल लेकर आने वाले किसानों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। मंडियों में सफाई का कार्य जोरों पर किया जा रहा है। सोनीपत की नई अनाज मंडी में पेयजल के लिए वॉटर कूलर लगाए गए है।*

### पंजीकरण अनिवार्य, हेल्प डेस्क की स्थापना

*मार्केट कमेटी ने किसानों की सुविधा के लिए मंडी में हेल्प डेस्क स्थापित किया है। यहां किसान खरीद से जुड़ी जानकारी और समस्याओं का समाधान करवा सकेंगे। सरकारी खरीद का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिलेगा, जिन्होंने मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपनी फसलों का पंजीकरण करवाया है। बिना पंजीकरण के धान और बाजरे की खरीद संभव नहीं होगी।*

**पिछले साल के आंकड़े**
- ⏭ बासमती धान: 5,99,000 क्विंटल
- ⏭ धान किस्म 1509: 5,15,000 क्विंटल



**सोनीपत।** मंडी में आने वाले रास्ते में खड़ा ट्राला व सड़क मार्ग।

# बुजुर्ग होते घर की नींव: बिजेंद्र

- भाजपा जिला गोहाना कार्यालय में प्रबुद्धजनों का सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭गोहाना

रविवार को जिला गोहाना भाजपा के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक के नेतृत्व में शहर में सोनीपत रोड स्थित भाजपा कार्यालय में बुजुर्ग एवं प्रबुद्ध नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह समारोह सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किया गया जिसमें गोहाना के प्रबुद्ध नागरिकों को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने कहा कि बुजुर्ग हमारे घर की नींव हैं। अपने घर में खुशहाली के लिए बुजुर्गों का सम्मान करें।



**गोहाना।** बुजुर्गों एवं प्रबुद्ध नागरिकों को शाल भेंट करके सम्मानित करते हुए जिलाध्यक्ष बिजेंद्र मलिक। फोटो : हरिभूमि

### कार्यक्रम में सैकड़ों बुजुर्गों ने लिया भाग

उन्होंने कहा कि घर के बुजुर्ग व्यक्तियों के पास जीवन का अनुभव होता है। हम उनके इस अनुभव का फायदा उठाकर अपने जीवन को कुशल बना सकते हैं। गौरतलब है कि भाजपा द्वारा मोदी के जन्मदिन को 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में सैकड़ों बुजुर्गों व्यक्तियों जिसमें अध्यापक, वकील और समाजसेवियों को शाल देकर सम्मानित किया गया इस मौके पर डॉ. धर्मवीर नांदल, जिला महामंत्री महेन्द्र चिड़ाना, डॉ.ओमप्रकाश शर्मा, सतपाल लठवाल, डॉ. रमेश कश्यप, डॉ. राममेहर राठी, सूरजमल शर्मा, एडवोकेट संतराम बाल्मिकी, राजेश भावड़, सूरत सिंह, भूपेंद्र मुदगिल, मुकेश रोहिल्ला व अशोक सेन मौजूद रहे।

# अतिक्रमण-जाम से मुक्त करवाने को मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭गन्नौर

त्योहारों के सीजन को लेकर गन्नौर शहर को अतिक्रमण और जाम से मुक्त कराने के लिए रविवार को हलका विधायक देवेंद्र कादियान और एसीपी षिकांत ने व्यापारी भाईचारा एकता समिति के प्रधान बिल्लू सैनी की दुकान पर व्यापारियों के साथ बैठक की।

विधायक कादियान ने व्यापारियों और रेहड़ी चालकों से शहर को व्यवस्थित बनाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। विधायक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्यौहार के सीजन के दौरान बाजारों में सुरक्षा और पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए। बैठक में थाना प्रभारी धीरज कुमार, बिल्लू सैनी, नंदलाल छाबड़ा, नविंद्र मुंजाल, अंकित मल्होत्रा, हरीश मदान, प्रवीन कामरा, तरुण चुघ, जतिन, रिंकू, राकेश गर्ग, सुरेंद्र जाग्या, प्रवेश मदान आदि मौजूद रहे।



**गन्नौर।** व्यापारियों के साथ बैठक करते विधायक देवेंद्र कादियान, एसीपी षिकांत व थाना प्रभारी धीरज चौधरी। *फोटो: हरिभूमि*

### भारी वाहनों की एंट्री पर रोक

ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए शहर के अंदर सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक भारी वाहनों की एंट्री पर रोक रहेगी। इसके लिए देवीलाल चौक पर पुलिस नाका लगाया जाएगा। वहीं बाजार में सड़क पर गलत तरीके से खड़े वाहनों का आनलाइन चालान किया जाएगा।

- व्यापारियों के साथ विधायक और एसीपी ने बैठक की

### पीली पट्टी क्रास करने पर होगी कार्रवाई

बैठक में स्पष्ट किया गया कि अब सड़क किनारे बनी पीली पट्टी के बाहर किसी भी रेहड़ी या दुकान का सामान नहीं मिलना चाहिए। एसीपी षिकांत ने साफ चेताया कि जो कोई भी इस नियमों का उल्लघंन करेगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। व्यापारियों ने एक महीने का समय मांगा, लेकिन पुलिस ने समय देने से मना कर दिया।

### बाइक सवार युवक-ट्राला चालक सहयोगी की मौत

**गोहाना।** क्षेत्र में अलग-अलग हुआ सडक हादसों में बाइक सवार युवक और ट्राला चालक के सहयोगी की मौत हो गई। एक हादसा रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित गांव चिड़ाना के पास हुआ और दूसरा हादसा दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे पर गांव ईशापुर खेड़ी के पास हुआ। सदर और बरोदा थाना में केस दर्ज किए गए। रोहतक के शिमली गांव के शमशेर ने बरोदा थाना की पुलिस को बताया कि उसके पास ट्राला है, जिसे वह स्वयं चलाता है। शनिवार को वह भाई सुरेंद्र व गांव के ही कर्मवीर के साथ ट्राला में उप्र में गोवर्धन मंडी से धान भरकर कैथल के लिए चले थे। रविवार सुबह चार बजे दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेसवे स्थित गांव ईशापुर खेड़ी के पास पहुंचे तो ट्रक चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए और ट्राला की टक्कर हो गई। हादसे में सुरेंद्र की मौत हो गई। हादसे में उसे व कर्मवीर को चोट आई। दूसरे मामले में रोहतक के गांव आसन का संदीप टोल पर नौकरी करता था। वह शनिवार रात लगभग 12 बजे बाइक लेकर गांव जवाहरा में रिश्तेदारी में जा रहा था। संदीप जब रोहतक-पानीपत हाइवे स्थित चिड़ाना गांव के नजदीक पहुंचा तो अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### शिविर में जांचा 100 से अधिक मरीजों का स्वास्थ्य

**सोनीपत।** गांव शाहपुर तुर्क में एक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस चैरिटेबल कैंप में 100 से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में विशेष रूप से डायबिटीज, बीपी (ब्लड प्रेशर) एवं एलर्जी से संबंधित मरीजों की जांच की गई तथा उन्हें निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। इसके साथ ही सभी मरीजों के आवश्यक टेस्ट भी निःशुल्क किए गए। इस शिविर में नवरेखा नर्सिंग होम के निदेशक डॉ. मोहित गोयल, डॉ. मानसी, एवं डॉ. श्वेता गुलाटी ने अपनी सेवाएं दीं। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. अजय चौहान ने भी शिविर में भाग लेते जनसेवा में सहयोग किया।



**सोनीपत।** जांच शिविर में उपस्थित चिकित्सक जांच करते हुए।

### महान समाज सुधारक थे स्वामी अग्निवेश : वर्मा



**गोहाना।** स्वामी अग्निवेश के चित्र पर पुष्प अर्पित करते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

**गोहाना।** रविवार को सेक्टर-7 गोहाना स्थित स्वामी दयानंद सरस्वती पार्क में स्वामी अग्निवेश की 86वीं जयंती मनाई गई। समारोह में नागरिकों ने स्वामी अग्निवेश के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। मार्गदर्शन आजाद सिंह दांगी ने किया। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा की शहरी इकाई के अध्यक्ष सुभाष वर्मा ने कहा कि स्वामी अग्निवेश भारत के महान समाज सुधारक, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनेता और आर्य समाजी थे। स्वामी अग्निवेश ने आर्य समाज के सिद्धांतों पर आधारित राजनीतिक दल आर्य सभा की स्थापना की। समारोह की अध्यक्षता सेन यूनियन गोहाना के पूर्व अध्यक्ष सुरेश पंवार ने की। इस मौके पर सरवर पांचाल ,सुनील चौहान, विकास कुमार, हवा सिंह, राममेहर नरवाल, सूबेदार ओमप्रकाश, बीरमति, कमला देवी, रामकली व बीरो विशेष रूप से मौजूद रहे।

**स्वामी अग्निवेश को उनकी 86वीं जयंती पर दी श्रद्धांजलि**

### डंप यार्ड बदलने की मांग, मेयर को सौंपा ज्ञापन

**सोनीपत।** बाबा धाम के पीछे बनाए गए कूड़े के डंप यार्ड का स्थान बदलने की मांग को लेकर कई कॉलोनियों के सैकड़ों लोगों ने नगर निगम मेयर राजीव जैन को 500 से ज्यादा नागरिकों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा। राजीव जैन ने नागरिकों को समस्या का हल करवाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में लिखा है कि डंप यार्ड के कारण सैनी पूरा, ऋषि कॉलोनी, हाउसिंग बोर्ड, चावला कॉलोनी सहित आसपास के लोगों का जीना दूभर हो गया है और दुर्गंध के कारण बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। ज्ञापन में लिखा है कि इस इलाके में चार स्कूल हैं जिससे विद्यार्थियों को आने-जाने में परेशानी हो रही है इसके साथ ही प्रतिष्ठित बाबा धाम मंदिर में श्रद्धालु पांच मिनट खड़े होकर पूजा अर्चना भी नहीं कर सकते। ज्ञापन में लिखा है की बरसात के दिनों में तथा जब हवा चलती है तो दुर्गंध का और भी बुरा हाल हो जाता है। नागरिकों ने बताया कि कूड़े से भारी गाड़ियां बाबा धाम से होकर ऋषि कॉलोनी को जाने वाले रास्ते पर खड़ी रहती हैं जिसमें नागरिकों को आवागमन में कठिनाई आती है। ज्ञापन देने वालों में पार्षद हरि सैनी, पूर्व पार्षद रामप्रसाद सैनी, कृष्ण सैनी, लखी राम सैनी, गौरव सैनी, मनोज शर्मा, रमेश, शशि, भोलर, मुकेश, मानसिंह ईश्वर, सुरेश उपस्थित रहे।



**कई कॉलोनियों के लोग पहुंचे मेयर ने दिया आश्वासन**

**सोनीपत।** मेयर को ज्ञापन सौंपते क्षेत्रवासी। *फोटो : हरिभूमि*

**कार्रवाई** हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को बड़ी सफलता मिली

# कॉलेज के पास नशा तस्कर गिरफ्तार, 11.37 ग्राम एमडीएमए बरामद की, जांच जारी

### पूछताछ में पुलिस नेटवर्क के अन्य तस्करों तक पहुंचने का प्रयास करेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

हरियाणा को नशा मुक्त बनाने के अभियान में हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को बड़ी सफलता मिली है। ब्यूरो की रोहतक यूनिट ने गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीकाराम महिला कॉलेज, सोनीपत के पास से एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपित के कब्जे से 11.37 ग्राम सिंथेटिक ड्रग एमडीएमए बरामद हुई। मिली जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान एएसआई रोहतास और उनकी टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि कॉलेज के पास नशे की तस्करी हो रही है। सूचना की पुष्टि करने के बाद टीम ने संदिग्ध की तलाशी ली। इस दौरान उसके पास से एमडीएमए बरामद की गई।



सोनीपत। आरोपित टीम के साथ।

### पुलिस कोर्ट में पेश करेगी

आरोपित की पहचान सिद्धार्थ निवासी सुभाष नगर, सोनीपत के रूप में की। आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की प्रासंगिक धाराओं के तहत थाना शहर सोनीपत में मामला दर्ज किया गया। उसे अदालत में पेश किया जाएगा और पूछताछ में उसके नेटवर्क के अन्य तस्करों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। इस कार्रवाई का नेतृत्व एसपी सुरेंद्र सिंह भोरिया, आईपीएस के मार्गदर्शन और डीएसपी जगजीत सिंह के निर्देशन में किया गया।

### मादक पदार्थ तस्करी में शामिल आरोपित 12.79 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार

**सोनीपत।** जिले की क्राइम यूनिट कुंडली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपित को 12.79 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान रवि उर्फ छोटा, निवासी इंडियन कॉलोनी, हाल सेक्टर-12, सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस टीम को 20 सितंबर को गुप्त सूचना मिली कि रवि उर्फ छोटा हेरोइन बेचने का काम करता है और फिलहाल गांव शहजादपुर की पानी की डिग्गी के पास किसी वाहन का इंतजार कर रहा है। सूचना मिलते ही सहायक उप निरीक्षक सुरेश के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और इलाके में घेराबंदी कर दी। थोड़ी देर बाद, पुलिस ने संदिग्ध युवक को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसकी जीन्स की पैंट की जेब से सफेद पारदर्शी पन्नी में गांठनुमा पदार्थ बरामद हुआ। जब पन्नी को खोला गया और जांच की गई तो वह हेरोइन निकली। बरामद हेरोइन का वजन 12.79 ग्राम पाया गया। पुलिस ने तुरंत मादक पदार्थ को कब्जे में लेकर इसे सील किया और आरोपित के खिलाफ मादक पदार्थ द्रव्य निरोधक अधिनियम के तहत थाना सदर सोनीपत में मामला दर्ज कर लिया। सहायक उप निरीक्षक सुनील और उनकी टीम ने आरोपित रवि को अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजने के आदेश दिया। पुलिस का कहना है कि आरोपित से पूछताछ जारी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि वह हेरोइन की सप्लाई कहां से लाता था और किन लोगों तक पहुंचाता था।

**पुलिस ने आरोपित को अदालत में किया पेश, न्यायिक हिरासत में जेल भेजा**